तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 20 मार्च 2026



14 मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित...





13 महिला सेन समाज चुनाव में ममता बनीं जिलाध्यक्ष






## नवरात्रि विशेष



### द्वितीय: ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-

दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

## खबर संक्षेप

### नवोदय विद्यालय में निहाल और रोशन का चयन



डौंडीलोहारा। शासकीय प्राथमिक शाला बगईकोन्हा (टी) के दो विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय हेतु होने पर पूरे विद्यालय एवं गांव में हर्ष का वातावरण व्याप्त है। प्रधान पाठक महेश जगनायक ने बताया कि निहाल पिता बहादुर सिंह एवं रोशन कुमार पिता गोवर्धन ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर यह सफलता हासिल की है। दोनों विद्यार्थियों के चयन से विद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों के माता-पिता ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय में मिठाई, फल एवं बिस्किट का वितरण किया। साथ ही शाला परिवार के प्रति आभार भी जताया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बिहारीलाल कोमरे सहित समस्त शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने चयनित विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की कामना की हैं।

### जिला स्तरीय कार्यशाला 23 को

बालोद। प्रधानमंत्री गति–शक्ति के अंतर्गत जिला मास्टर प्लान का निर्माण एवं जिला स्तरीय कार्यालयों में गति शक्ति योजना के क्रियान्वयन हेतु कार्यशाला का आयोजन 23 मार्च को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में समय–सीमा की बैठक के पश्चात आयोजित की गई है।

### मशीन पार्ट्स चोरी दो गिरफ्तार

भिलाई। वर्कशॉप से मशीनी सामान की चोरी करने वाले दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि चौकी जेवरा सिरसा स्थित ग्राम खपरी के एसजे ग्रुप स्टारएक्स मिनरल्स इंडिया के सहायक महाप्रबंधक ने मशीन पार्ट्स पार होने की शिकायत की थी। विवेचना में संदेही कर्मचारियों में कुसुम, जिला पूर्व वर्धमान (पश्चिम बंगाल) हाल निवास ठेलकाडीह निवासी आयोन कोनेर, सलिंदा मुर्शीदाबाद हाल निवास जेवरा सिरसा चंदन घोष को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

# अतिक्रमण हटाने के लिए कलेक्टर को पत्र, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

बालोद नगर मे अतिक्रमण के खिलाफ हुई कार्यवाही के बाद नगर के अन्य क्षेत्रे में भी हुए अतिक्रमण को भी हटाने की मांग उठने लगी है। जिसमें प्रमुख रूप से सदर बाजार, कलेक्टर बंगला, पुलिस अधीक्षक बंगला में हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए विधायक संगीता सिन्हा ने कलेक्टर को पत्र सौंपा है।

पत्र के माध्यम से विधायक संगीता सिन्हा ने कहा है कि विगत दिनों जिला बालोद के प्रशासनिक टीम के द्वारा ग्राम झलमला एवं बालोद शहर में सड़क के दोनों ओर तथा सार्वजनिक स्थलों पर किये गये अतिक्रमण, अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्यवाही किया गया है जो कि अतिक्रमण हटाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

उन्होने कहा कि यह कार्यवाही आधी अधुरी है। जिला मुख्यालय के विकास एवं भविष्य के लिए प्रमुख स्थानो पर हुए अन्य अतिक्रमण को भी हटाना जरूरी है। संगीता सिन्हा ने कहा कि अवैध कब्जा हटाने के इस कार्यवाही के बाद यह तथ्य सामने आया है कि इसमें अनेक गरीब परिवार भी प्रभावित हुए हैं, जिनके छोटे–छोटे दुकान, गुमटी, घर आदि को तोड़ा गया है जिसके भरोसे वे प्रभावित परिवार जैसे–तैसे अपने परिवार का गुजर–बसर चला रहे थे। इस कार्यवाही से उन सब की आजीविका झिन गई एवं अनेक परिवार बेघर हो गये हैं।

## विधायक संगीता ने अवैध कब्जा हटाने की मांग की

### दुकानदार पर संकट

उक्त अवैध अतिक्रमण हटाने के पूर्व जिला प्रशासन के द्वारा न तो इन लोगों से चर्चा कर समन्वय स्थापित करने का कोई प्रयास किया गया और न ही इन लोगों को अपने दुकान आदि को अन्यत्र व्यवस्थापन का अवसर दिया गया है जिसके कारण आज इन परिवारों के समक्ष आजीविका का संकट उत्पन्न हो गया है जो कि अत्यंत ही चिंता का विषय है।





नगर के मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग

### अतिक्रमण हटाने की मांग

उक्त अतिक्रमण पर किये गये कार्यवाही के समान ही शासकीय आवास परिसर ग्राम सिवनी, पीडब्लूडी व सिंचाई कॉलोनी परिसर बालोद में निर्मित आवासों के सामने व आजू–बाजू किये गये अवैध कब्जे, कलेक्टर निवास परिसर बालोद, पुलिस अधीक्षक निवास वर्तमान में परिसर बालोद के सामने किये गये अवैध कब्जे तथा सदर रोड बालोद के दोनों ओर किये गये अवैध कब्जे इन्हें अतिक्रमणमुक्त किये जाने की मांग बालोद नगरवासियों द्वारा किया गया है ताकि आवागमन में सुविधा हो एवं आमजनों तक एक सकारात्मक संदेश पहुंचे और वे भी अपना अतिक्रमण छोड़ने के लिए स्वमेव प्रेरित हो सके।

## बैठक : साफ-सफाई, विद्युत और पेयजल व्यवस्था पर विशेष जोर

# सीएमओ सीमा बक्शी ने पदभार संभाला बैठक में व्यवस्था सुधार के दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा



दल्लीराजहरा नगर पालिका में प्रशासनिक सख्ती के स्पष्ट संकेत देखने को मिल रहे हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी ने पदभार संभालने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू के कक्ष में सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की परिचय एवं समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आम जनता और जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जाए और उनका त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

- कड़े तेवर में दिखीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी, व्यवस्था सुधार को दिए सख्त निर्देश

बैठक के दौरान सीएमओ ने सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए नोडल अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर एवं पीआईयू विक्रांत साहू को निर्देशित किया कि वे कार्ययोजना बनाकर शहर के सभी वार्डों, चौक-चौराहों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, सड़कों और नालियों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करें। साथ ही दवाई छिड़काव अभियान को भी प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।

विद्युत व्यवस्था को लेकर उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देशित किया कि वार्डों की बस्तियों एवं मुख्य सड़कों में बिजली व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त किया जाए। वहीं राजस्व वसूली में कमी पर नाराजगी जाहिर करते हुए राजस्व प्रभारी को वसूली प्रतिशत बढ़ाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर उन्होंने कहा कि हितग्राहियों से नियमानुसार आवेदन लेकर समन्वय के साथ कार्य किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर पात्र लोगों तक पहुंच सके। विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यपालन अभियंता नित्यानंद उपाध्याय एवं उप अभियंता शाहबाज खान को निर्देशित किया गया कि वे पालिका क्षेत्र में चल रहे सभी निर्माण कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करें और उन्हें तय समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं। साथ ही शासन को आवश्यक जानकारी समय पर प्रेषित करने के निर्देश भी दिए गए।

### व्यवस्थाओं में सुधार की जाएगी

सीएमओ सीमा बक्शी ने स्पष्ट किया कि राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र एवं पेंशन से संबंधित प्रकरणों को लंबित नहीं रखा जाए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि कार्यालय में आने वाले दिव्यांग, बुजुर्ग एवं जरूरतमंद नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी के सख्त और स्पष्ट निर्देशों से यह साफ है कि अब नगर पालिका की कार्यप्रणाली में तेजी, पारदर्शिता और जवाबदेही लाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। आने वाले समय में शहर की व्यवस्थाओं में सुधार देखने को मिलना तय माना जा रहा है। बैठक में कार्यपालन अभियंता नित्यानंद उपाध्याय, उप अभियंता शाहबाज खान, स्वास्थ्य अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर, बुद्धिमान सिंह, घनश्याम शर्मा, विपिन बेहरा, इन्द्र यादव, सुनील तारम, पंकज चंद्राकर, धरमु राम बक्शी, आनंद साहू, निर्भय राम नरेटी, सुशील टंडन, अब्दुल कलीम, विक्रांत साहू, दशरथ कौशिक, शिवकुमार शर्मा, देवनारायण देवांगन, कुंदन निषाद, अभिजीत भगत, रतन चौधरी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बुजुर्ग पर प्राणघातक हमले का आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

प्राण घातक हमला करने वाले आरोपी को 12 घण्टा के अंदर गिरफ्तार किया गया। खेत में पैदल चलने की बातो को लेकर विवाद हुआ था। मामले में प्रार्थिया ग्राम बगदई थाना गुरूर निवासी रामबाई साहू पति पुरूषोत्तम लाल साहू 62 साल ने 17 मार्च 2026 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि 17 मार्च के सुबह 07 बजे यह अपने पति पुरूषोत्त साहू के साथ अपने खेत से चना व सरसों के फसल लाने के लिए खेत जा रहे थे कि गांव के पुलस्तनंदन साहू द्वारा मेरे खेत के चने में क्यों चल रहे हो कहकर आक्रोष में आकर गाली गलौच कर जान से मारने की नियत से अपने हाथ में रखे बेर के लकड़ी के खुंटा से पुरूषोत्तम लाल साहू के सिर में प्राण घातक हमला कर दिया दिया, जिससे पुरूषोत्तम साहू बेहोस हो गया, जिसे ग्रामीणों के सहयोग से ईलाज हेतु सीएचसी गुरूर लाये थे, जिसे धमतरी रिफर कियें है की रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

- सिर पर वार कर किया लहूलुहान

### चना खेत में चलने को लेकर विवाद

जहां घटना स्थल पर उपलब्ध भौतिक साक्ष्य खूनआलूदा मिट्टी, सादी मिट्टी, खून, ईयर बर्ड एवं सादी ईयर बर्ड को जप्त किया गया। प्रकरण के आरोपी पुलस्तनंदन साहू को अभिरक्षा में लेकर धारा 23(2) साक्ष्य अधिनियम 2023 के तहत मेमोरेण्डम कथन लिया जिन्होने घटना में प्रयुक्त बेर की लकड़ी के खुंटा को रास्ते में खेत में फेंक देना बताने से बेर की लकड़ी को जप्त किया गया है, प्रकरण के आहत पुरूषोत्तम लाल साहू क्रिष्चियन अस्पताल में भर्ती है जिससे पूछताछ कर कथन लिया गया है। आरोपी ग्राम बगदई थाना गुरूर निवासी पुलस्तनंदन साहू पिता स्व. गयाराम साहू 45 साल द्वारा अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से 17 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों में आज बाल मैत्री कार्यक्रम, बच्चों के सुगम ट्रांजिशन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

आंगनबाड़ी केन्द्र से प्राथमिक शाला में बच्चों के सुगम ट्रांजिशन हेतु जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में 20 मार्च को बाल मैत्री कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों को सहज एवं अनौपचारिक वातारण में खेल आधारित गतिविधियों के माध्यम से शाला पूर्व शिक्षा प्राप्त होती है।

- बाल मैत्री कार्यक्रम से बच्चों की पढ़ाई में बढ़ेगी रुचि

आंगनबाड़ी से शाला में ट्रांजिशन में प्रथम वर्ष में बच्चों को विद्यालय आने, नियम समझने तथा भाषा के प्रयोग में कठिनाई होती है। जिससे कि शालेय शिक्षा के प्रति अरूचि उत्पन्न होने की संभावना होती है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्र से कक्षा एक में प्रवेश के समय शाला के औपचारिक वातावरण में समायोजन में आसानी हो सके इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से बाल मैत्री कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। बाल मैत्री कार्यक्रम आंगनबाड़ी, प्राथमिक विद्यालय आधारित पहल है, जिसका उद्देश्य छोटे बच्चों को शाला के वातारण हेतु सहज बनाना है। जिसके अंतर्गत बालोद जिले में 20 मार्च को सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में बाल मैत्री कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

# अवैध खनिज परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, 8 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिजों के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसके अंतर्गत 17 एवं 18 मार्च को खनिज विभाग की टीम द्वारा गुरूर एवं बालोद विकासखण्ड का औचक निरीक्षण किया गया।

- अवैध उत्खनन पर आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

निरीक्षण के दौरान अवैध परिवहन, उत्खनन करते पाये जाने के कारण रेत से भरी 03 हाईवा व 02 ट्रेक्टर मय ट्रॉली मिट्टी (इंट), 01 साधारण पत्थर ट्रेक्टर मय ट्रॉली, 01 जेसीबी एवं 01 ट्रेक्टर मय ट्रॉली मुरूम सहित कुल 08 वाहनों को जप्त कर थाना आरक्षी केन्द्र गुरूर, मकराटोला कैम्प थाना एवं आरक्षी केन्द्र बालोद के अभिरक्षा में रखा गया है। उन्होंने बताया कि इन सभी प्रकरणों में खान व खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के प्रावधानों के तहत कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी अवैध परिवहन के मामलों में इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी जिससे जिले के खनिज संपदा की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# साहू समाज ने धूमधाम से मनाई कर्मा जयंती





हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

ग्रामीण साहू समाज कंवर की कर्मा जयंती 19 मार्च को मनाई गई। इस दौरान लोकार्पण व विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमे कलश यात्रा कृष्ण मंदिर से प्रारंभ होकर कर्मा भवन, शिव चौक, बाजार चौक, आबादी पारा, चण्डी मंदिर से पूजा–अर्चना कर नरसिंग नाथ पारा से साहू सदन में मुख्य अतिथि डां. सौरभ साहू, जनपद अध्यक्ष गुरूर सुनीता संजय साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष मिरऍटोला पुरूर टुकेशवर पाण्डेय, जनपद सदस्य ममता विजय गौतम, परिक्षेत्र अध्यक्ष कंवर नीलकंठ साहू, सरपंच बालचंद टंडन, उपसरपंच नवीन आंनद पटेल, प्राधिकृत सोसायटी अध्यक्ष छगन लाल साहू, भाजपा नेता संजय साहू, धन्नू लाल टंडन, डेमन लाल साहू द्वारा दानवीर भामाशाह भवन, टीनासेड लोकार्पण एवं स्वागत सम्मान कार्यक्रम पश्चात सम्पन्न हुआ।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर ग्रामीण पदाधिकारी गण घनाराम जेठमल, छगन लाल साहू, त्रिलोकी गजपाल, यमलेश साहू, राधिका साहू, त्रिवेणी साहू, गीता साहू, ईश्वर लाल साहू, नंदकिशोर साहू, जागेशवर साहू, गोकुल साहू, नोहर कलिहारी, अजित साहू, चिंतर सिंह साहू, रमेश साहू, भानू साहू, संजीवन लाल साहू, अम्पी लाल साहू सहित माताएं सहित स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

## गांव-गांव तक किसान संघ बनाने की रणनीति पर बनी सहमति

# किसान संघ की बैठक में संगठन विस्तार, समस्याओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/कलंगपुर

भारतीय किसान संघ जिला बालोद का मासिक बैठक गत दिनों ग्राम कलंगपुर में सम्पन्न हुआ इस दौरान भारतीय किसान संघ का स्थापना दिवस भी मनाया गया। जिसमें सभी तहसीलों एवं जिला पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए संकल्प लिया कि भारतीय किसान संघ जिला बालोद के सभी तहसीलों के साथ साथ सभी गांवों में किसान संघ का गठन करना है और बालोद जिला में एक सशक्त संगठन किसान संघ का खड़ा करना है।

सभी जिला पदाधिकारियों को अलग अलग तहसील का प्रभारी नियुक्त किया गया है जो उस तहसील के सभी सोसायटीयो में जाकर सोसायटी सदस्य का गठन करेंगे और सभी सोसायटियों में एक संयोजक और सह संयोजक बनाएंगे और जिस तहसील में पदाधिकारियों का गठन नहीं हुआ है, वहां संगठन विस्तार कर सभी तहसीलों में संयोजक और सह संयोजक बनाया जायेगा, इस तरह संगठनात्मक एवं रचनात्मक कार्य पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही गन्ना उत्पादक किसानों जो शक्कर कारखाना करकाभाट बालोद में गन्ना बेचे हैं और उनका पैसा अब तक नहीं मिला है उस पर भी चर्चा हुआ, सब्जी किसानों कि समस्या, दलहन तिलहन के खरीदी के बारे में चर्चा हुआ और अध्यक्ष सांवत राम साहू भोथीपार ने बालोद जिला के सभी किसानों को भारतीय किसान संघ से जुड़ने के लिए आग्रह किया।




### ये रही उपस्थित

इस बैठक में शामिल भारतीय किसान के संघ प्रदेश उपाध्यक्ष टीकेन्द चंद्राकर, जिला अध्यक्ष सांवत राम साहू, भोथीपार जिला जैविक प्रमुख मनहरण साहू, सहकारिता प्रमुख बुधरु राम साहू, राजस्व प्रमुख बल्दु राम साहू, विद्युत प्रमुख खुमु राम ठाकुर, पर्यावरण प्रमुख योगेश्वर प्रसाद निर्मलकर, गुण्डरदेही तहसील अध्यक्ष ताम्रज साहू, उपाध्यक्ष चमरू राम साहू, रोशन चतुर्वेदी, राम नारायण सिंह, रोमनाथ साहू, पोषण लाल सिन्हा, दयानंद साहू, कल्याण सिंह साहू, पुरुषोत्तम रात्रे, भागवत चंद्रवंशी, सेतराम साहू, विश्वनाथ साहू, इंद्रजीत कुल्हारे, जबक लाल ठाकुर, पोषण सिन्हा सहित क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

# खैरवाही में सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान की शुरुआत




हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु प्रथम चरण में 12 पंचायतों का चयन किया गया है। इसमें डौंडी विकासखंड के ग्राम पंचायत खैरवाही और गुजरा शामिल हैं।

जिसके अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त ग्राम पंचायत बनाने हेतु ग्राम पंचायत खैरवाही में आज विशेष जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबन्ध पर विशेष चर्चा की गई। इसके साथ्ज्ञ ही सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबन्ध हेतु शपथ भी दिलाया गया। बैठक में ग्राम पंचायत खैरवाही के जनपद सदस्य शिवगिरी चुरेंद, सरपंच वंदना ठाकुर, ग्राम सभा अध्यक्ष, उपसरपंच मन्नूलाल एवं सर्व पंचगण सहित सचिव, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के विकासखण्ड समन्वयक, बिहान की महिला, स्वच्छग्राही, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षकगण एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### वृष्टि पढ़ेगी नवोदय विद्यालय में

**जेवरतला रोड।** प्राथमिक शाला चेन्दरीबन नवागाँव की छात्रा वृष्टि साहू का जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। पिता देवेन्द्र हिरवानी और मां गितेश्वरी हिरवानी ने बताया कि वह शुरू से परिश्रमी रही है। प्रधान पाठक ने गत दिनों वृष्टि का मुँह मीठा कराकर बधाई दी। इस दौरान प्राचार्य पीआर सुधाकर, प्रकाश जोशी, कोमलचंद आर्य, चन्द्रभूषण साहू, गोमती पटेल, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, बसंत साहू, चैनसिंह साहू, चैतन्य देवांगन, मोनिका ठाकुर, कविता ठाकुर, प्रमोद साहू, ईश्वर ठाकुर, नरेन्द्र शांडिल्य, तुलसी राम हिरवानी, अमर लाल हिरवानी आदि मौजूद थे।




### रेत के परिवहन में लिप्त ट्रैक्टर जब्त

**डोंगरगढ़।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग की टीम ने तहसील अंतर्गत पेटेश्री, आलाबीरा, जामरी, मुजगांव, परागांवखुर्द, मुरमुंदा, माटेकटा सहित अन्य गांव का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खनिज अमला ने रेत के अवैध परिवहन में लिप्त पेटेश्री के हेमंत सिन्हा के ट्रैक्टर जॉन डियर चेचिस नंबर आईपीवीएय 5050 डीसीएसजी 063372 ट्रॉली हरा रंग सोल्ड, कोमल सिन्हा के ट्रैक्टर जॉन डियर एवं ट्रॉली, राम बिलास साहू के ट्रैक्टर को जप्त कर थाना तुमडीबोड़ के सुपुर्द किया है। सभी के खिलाफ खान एवं खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### समिति ने मनाया महिला दिवस

**डोंगरगढ़।** मखियार वाल्मिकी समाज महिला समिति के तत्वावधान में बुधवार को महिला दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्थानीय राजस्थान होटल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान महिलाओं द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विजेता महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष सुनीता बघेल, उपाध्यक्ष सपना बघेल, सचिव पूजा बघेल, सदस्य दिया बघेल, सुनैना बघेल, रंजनी रणशोर, सरोजिनी रणशोर, रोशनी रगड़े, साक्षी रगड़े, रत्ना रगड़े, निर्मला महानंद आदि उपस्थित थी।



### कांग्रेसियों ने किया सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**डोंगरगांव।** रायपुर में आयोजित विधानसभा घेराव प्रदर्शन में सैकड़ो कांग्रेस नेताओं और और कार्यकर्ता ने हिस्सा लिया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष टिकेश साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रायपुर पहुंचकर मनरेगा में बदलाव, बढ़ती महंगाई और नशा की खेती के विरोध में प्रदर्शन किया। सुरक्षा बलों की कड़ी घेरबंदी के बीच कार्यकर्ताओं ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।



### मवेशियों के लिए पानी टंकी का निर्माण

**पटेवा।** ग्राम के गौठान में गौ सेवक एवं जन सहयोग से पानी टंकी का निर्माण पशु पक्षी एवं गौ माता की प्यास बुझाने के लिए किया गया। इसका शुभारंभ नवरात्र एकम को पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान एलएल साहू, शुक्लाराम साहू, चंद्रकांत देवांगन, विजय देवांगन, छेरकूराम यादव, खेदूराम ढीमर, छविलाल साहू, चन्द्रशेखर साहू, रोहित निर्मलकर, बालकुमार साहू, केदार साहू आदि उपस्थित थे। पानी टंकी का निर्माण गौ सेवक जागेश्वर साहू, नारायण साहू, शिवम साहू, दीना ढीमर, कृष्णा साहू, निखिल साहू के प्रयास से किया गया है।




### सड़क निर्माण का आश्वासन

**छुरिया।** क्षेत्र में सड़कों के विकास को लेकर महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। विधायक भोलाराम साहू ने विधानसभा में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत जादूटोला से दैहान तथा मांझीटोला से गर्रापार तक सड़क निर्माण का मामला उठाया था जिस पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विभाग से प्राक्कलन मंगाने और शीघ्र कार्यादेश जारी करने का आश्वासन दिया।विधायक साहू ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगी।

### छगन पुनः भर्रेगांव परिक्षेत्र का अध्यक्ष निर्वाचित

**राजनांदगांव।** निषाद समाज परिक्षेत्र भर्रेगांव का चुनाव जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, पर्यवेक्षक टीकम निषाद की उपस्थिति में मुख्य निर्वाचन अधिकारी बसंत लारिया, सहायक निर्वाचन अधिकारी चैन कुमार सोनवानी, दाताराम निषाद, हरिराम निषाद, प्रेम प्रकाश निषाद की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। छगन निषाद को क्षेत्रीय अध्यक्ष पद पर एक मत से निर्वाचित घोषित किया गया। सहायक निर्वाचन अधिकारी चैन कुमार सोनवानी ने बताया कि अध्यक्ष छगन निषाद को 46 मत, भूषण निषाद को 45 मत और गौतम निषाद को 37 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष तिलकराम निषाद, महासचिव अमृतराज निषाद, कोषाध्यक्ष बंशीलाल निषाद, अंकेक्षक तोरनलाल निषाद, सचिव चुम्मनसिंह निषाद, सहसचिव देवराज निषाद, संगठन सचिव अरविन्द निषाद, उप संगठन सचिव उगेश्वर निषाद, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिव्या निषाद, कार्यालय सचिव महेश्वरलाल निषाद निर्विरोध निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को जिला निषाद समाज ने बधाई दी है।



## शिकायत के बाद मौके पर पहुंची जनपद सीईओ

# छात्रावास निर्माण में गड़बड़ी

## ठेकेदार ने नहीं लगाया सूचना पटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत ठाकुरटोला में आदिवासी बच्चों के लिए बनाए जा रहे छात्रावास के निर्माण में अनियमितता बरतने की शिकायत सामने आई है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है और सरकारी बोर को बिल्डिंग के भीतर दबा दिया गया है। मामला उस समय गरमाया जब 19 मार्च को 200 आवासों के लक्ष्य की समीक्षा करने पहुंचीं जनपद सीईओ केश्वरी देवांगन के सामने ग्रामीणों ने अपनी व्यथा रखी।

जानकारी के अनुसार निर्माण लगभग 25 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है, लेकिन मौके पर अब तक कोई सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है जिससे ग्रामीणों को यह पता नहीं है कि कार्य एजेंसी कौन है?

लागत कितनी है और इंजीनियर कौन है? मजदूरों के अनुसार यह कार्य पीडब्ल्यूडी द्वारा कराया जा रहा है जिसका ठेकेदार गंडई के किसन यादव हैं।



### लापरवाही बर्दाश्त नहीं

सरपंच नरेश धुर्वे ने कहा कि यह भवन आदिवासी बच्चों के लिए है। निर्माण में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुणवत्ता से समझौता मंजूर नहीं है।

### निर्देशित किया जाएगा

जनपद सीईओ केश्वरी देवांगन ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर उन्होंने स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारी कोखामियों से अवगत कराकर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के लिए कहा जाएगा।

### शिकायत की अनदेखी

ग्राम के राधामोहन वैष्णव ने बताया कि ठेकेदार और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों का ध्यान कई बार आकर्षित किया, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। ग्रामसभा में आई सीईओ को मामले की जानकारी दी गई है।

### सड़क से नीचे बिल्डिंग, जलभराव का खतरा

ग्रामीणों ने सीईओ को मौके पर ले जाकर दिखाया कि भवन का तल सड़क से काफी नीचे गया है जिससे बरसात के दिनों में जलभराव की स्थिति पैदा हो सकती है। पानी भरने से बच्चों को परेशानी होगी। इसके अलावा छड़ की मोटाई में भी बदलाव करने और सरकारी बोर को बिल्डिंग के भीतर लेने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।



# डोंगरगढ़ में नवरात्र पर्व का हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी मंदिर में 19 मार्च का चैत्र नवरात्रि पर्व का आगाज हो गया। नीचे मंदिर के पास मेला की जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने श्रद्धालुओं को सुरक्षा और सुविधा मुहैया कराने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने पेयजल, विद्युत, सफाई और यातायात की समुचित व्यवस्था करने कहा है। पर्व के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और व्यवस्थित पार्किंग पर विशेष जोर दिया गया है। अंजोरा से अछोली तक सेवा पंडाल लगाकर श्रद्धालुओं को विश्राम, चाय-नाश्ता और भोजन की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### सुरक्षा जवानों की तैनाती

सुरक्षा के मद्देनजर 850 अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने बताया कि मेला स्थल और मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा।

# फसल का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

■ सर्वे के बाद क्षतिपूर्ति दिलाने का आश्वासन

बेमौसम बारिश ने रबी फसल को नुकसान पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ा है। सोमवार की रात बारिश और ओला वृष्टि ने फसल को चौपट किया। फिर मंगलवार को हुई बारिश ने बचीखुची कसर पूरा कर दिया। फसल नुकसान की जानकारी होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, सभापति ललित चोपड़ा बुधवार को जंगलपुर, अचानकपुर, जीराटोला, अतरिया आदि गांव पहुंच कर फसल नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने कृषि एवं राजस्व विभाग को फसल नुकसान का सर्वे करने कहा। किसानों से अपील किया कि फसल चौपट होने की सुचना तत्काल टोल फ्री नम्बर पर दे। उन्होंने कहा कि रबी फसल की कटाई मिजाई के समय हुई बारिश ने चना, मुंग, सोयाबीन, मसुरी, सब्जी, आम, पपीता, टमाटर आदि फसल को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि विभाग के सर्वे के पश्चात सरकार से बीमा क्लेम एवं क्षतिपूर्ति दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

# कुरीति छोड़ने से ही समाज का विकास संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

ग्राम में पापमोचनी एकादशी के मौके पर भक्त माता कर्मा जयंती समारोह का वृहद आयोजन किया गया। बारगाही के जगराता परिवार, सरोजनी साहू, राकेश साहू, लविंद्र साव ने कलश यात्रा की लंबी श्रृंखला में सहयोग दे रही बालिकाओं व माताओं का सुमधुर गीतों के संग उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव थी। अध्यक्षता जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू ने की। अतिथि के तौर पर तहसील अध्यक्ष शिवराम साहू, पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू, हेमंत साहू, कोमल साहू, चुनेश्वर साहू, हुकुम चंद जैन, रेशम साहू, सदरपंच ललिता साहू, मोहित साहू उपस्थित थे। इस मौके पर श्रीमती साहू ने एकता अखंडता के प्रतीक सामाजिक ध्वज को आरोहित किया। सामूहिक महाआरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि किरण वैष्णव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू और अमरनाथ साहू, हेमंत साहू, हुकुमचंद जैन ने मां कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक कुरूतियो पर करारा प्रहार करते हुए यह कहा कि आडंबर या दुर्गुण से लिप्त व्यक्ति समाज को दिशा नहीं दे सकते। सामाजिक नियमावली का पालन कर समाज को विकसित और संगठित करने के लिए सबको मिलकर रहने प्रेरित किया। संचालन लविंद्र साव व आभार ज्ञापन संरक्षक चेतन दास साहू ने किए।




### सामाजिकजन रहे मौजूद

कार्यक्रम में दिनेश साहू, मोहनीश साहू, देवेंद्र साहू, शिवकुमार, यशवंत, सेवक, अलखराम साहू, द्रौपति साहू, तुलसा साहू, जीवन दास, बेमलाल, मनसुख, तारम, जीनू, गजेन्द्र, मोहित, पीतांबर, गजेन्द्र साहू, टेसू साहू, हिरदु साहू, खेमलाल साहू, मंगलु साहु, हिरदेराम साहू, खगेश साहू, महेश कुमार साहू, चुम्मन लाल, तालसिंग, भुवन साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# बलिदान दिवस पर विविध कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

क्षेत्र में कल शुक्रवार को रानी अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया जाएगा। विभिन्न गांव में 1857 की क्रांति में मूल्य योगदान देनी वाली रानी अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस मनाने की तैयारी की गई है।

सड़क अतरिया, नर्मदा, चकनार, घिरघोली, बेलगांव, पंडरिया, संड़ी, ओटेबंद सहित अन्य गांव में बलिदान दिवस मनाने की तैयारी है। चकनार में शीतला मंदिर से नर्मदा के अवंती चौक तक विशाल कलश यात्रा निकाला जाएगा। यात्रा के नर्मदा चौक पहुचने पर जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में अवंती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना किया जाएगा। लोधेश्वर मंदिर में पूजा कर प्रसादी वितरण किया जाएगा। इसी प्रकार सड़क अतरिया, घिरघोली, बेलगांव, ओटेबंद आदि गांव में रैली निकाल कर रानी अवंती बाई को नमन किया जाएगा।



### अंग्रेजों से लोहा लेते शहीद

जानकारी के अनुसार रानी अंवतीबाई 20 मार्च 1857 को अंग्रेजो साथ युद्ध करते शहीद हो गई थी। उनके बलिदान दिवस को लोधी समाज गर्व के साथ मनाता है। जिले मे प्रथम बार 1980 में बलिदान दिवस मनाया गया था। उस समय जिला लोधी समाज के अध्यक्ष स्व गन्ना लाल चंदेल थे। तब से लोधी बाहुल्य क्षेत्र में यह दिवस मनाया जाता है।

# जन्मोत्सव को लेकर महत्वपूर्ण बैठक

**खैरागढ़।** धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाने वीर हनुमान सेवा समिति की बैठक हुई। हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ साथ लगातार सोलहवें साल जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर विस्तार से सदस्यों के बीच चर्चा हुई। जिसमें सुबह 10 बजे हवन पूजन बाद दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा शाम 6 बजे से प्रदेश के सुप्रसिद्ध अखाड़ा, धुमाल, डीजे, बग्घी में राम लक्ष्मण हनुमान के प्रतीक रूपो के साथ मंदिर से नगर भ्रमण के लिए शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में सुबोधकांत पांडेय, श्रीराम यादव, भूपेंद्र गंगबोइर, पंकज यादव, नीकु श्रीवास, दिगेश सिंह, नरेन्द्र श्रीवास, शैलेन्द्र यादव, सन्नी यादव, सुनील यादव, विवेक श्रीवास, आर्यन श्रीवास, अनुराग यादव, मानस यादव, नरेश यादव, मनीष यादव, राम यादव, विक्रम यादव, शिवांश श्रीवास, नीरज भट्ट, शौर्य गुप्ता, प्रांजल गुप्ता, विकास यादव, शिवम श्रीवास, आरव श्रीवास, सतीश तिवारी सहित अन्य मौजूद थे। आयोजन समिति द्वारा सभी क्षेत्र वासियों को जन्मोत्सव कार्यक्रम मे शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

### दो दिनों में जंच गई दसवीं-बारहवीं की आठ हजार कापियां

**खैरागढ़।** पीएमश्री शाला मे छग माशिमं की हाई/हायर सेकेण्डरी परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हो गया है। मंडल द्वारा केंद्र को हाई स्कूल परीक्षा की लगभग 38 हजार 813 और हायर सेकेंडरी परीक्षा की 16 हजार 624 उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन के लिए मिली है जिसके लिए जिले के खैरागढ़ व छुईखदान ब्लॉक से हाई/हायर सेकेंडरी मे अध्यापन कराने वाले 250 से 300 व्याख्याता रोज निर्धारित समय पर केंद्र पहुंच रहे है। पीएमश्री शाला सेजेस शाला प्राचार्य व केंद्र प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि दो दिनो में हाईस्कूल की 5520 और हायर सेकेंडरी परीक्षा की लगभग 2746 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो चुका है। संभागीय कार्यालय दुर्ग से संयुक्त संचालक व जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मूल्यांकन केन्द्र का निरीक्षण कर मुख्य, उपमुख्य सहित परीक्षकों को मूल्यांकन संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। अनुराग सिंह ने बताया की मंडल द्वारा तय समय से पूर्व मल्यांकन कार्य समाप्त कर लिया जाएगा।

# सड़क दुर्घटना में घायल को मिला पीएम राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ सड़क दुर्घटना में घायलों को 1.50 लाख तक कैशलेस ईलाज की सुविधा

जिले में सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों को अब तत्काल और कैशलेस ईलाज की सुविधा मिलेगी। कलेक्टर जितेन्द यादव एवं पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने जिले में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम राहत प्रधानमंत्री रोड एक्सीडेंट विक्टिम हास्पिटल लाईजेसन एण्ड एस्योरड ट्रीटमेंट योजना का प्रभावी क्रियान्वयन एवं पीड़ितों को तत्काल योजनांतर्गत लाभान्वित किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल पीड़ितों को गोल्डन आवर अर्थात सड़क दुर्घटना के तुरंत बाद महत्वपूर्ण समय में बिना किसी देरी के अस्पतालों में भर्ती कर अधिकतम 7 दिनों तक प्रति व्यक्ति अधिकतम 1.50 लाख रुपए तक कैशलेस उपचार जिले के पंजीकृत समस्त शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

### पीड़ित को तत्काल उपचार

अस्पताल से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 मार्च को मिनेश कोसरे पिता सुंदरलाल कोसरे 21 वर्ष ग्राम पचपेडी जिला राजनांदगांव मोहाभाठा नाले के पास अपनी स्वयं की गाड़ी से नियंत्रण खोकर गिर गया। जिसके कारण मरीज के सिर पर चोंट लगी है, जिसे तत्काल उपचार हेतु पिता सुंदरलाल कोसरे द्वारा मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव लाया गया, जहां उन्हें पीएम राहत योजना के अंतर्गत पंजीबद्ध कर उपचार प्रारंभ किया गया।

## मस्जिद के सामने उमड़ी रोजेदारों की भीड़

# रोजेदारों को छोटे राजा ने दी इफ्तार की दावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

रमजान के पवित्र माह के 28 वें रोजे पर छोटे राजा देवराज किशोर ने मुस्लिम समाज के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। मस्जिद के सामने आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। सभी रोजेदारों ने एक साथ बैठकर रोजा खोला और शहर- देश की सलामती के लिए दुआ मांगी। इस अवसर पर आपसी भाईचारे और सौहार्द का अद्भुत नजारा देखने मिला। देवराज किशोर ने कहा कि छुईखदान गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है। यहां सभी धर्मों के लोग एकता और प्रेम के साथ रहते हैं। छुईखदान में सभी धर्मों का सामाजिक कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाए जाते हैं। रोजा इफ्तार से पहले रोजदारों को पैंनखजुर छोटे राजा ने अपने हाथों से वितरित किया और सभी रोजदारों को रोजा खोलने की दावत दी।



मस्जिद के इमाम हाफिज सरीफुल हक साहब ने शहर और वतन की खुशहाली व अमन-चैन के लिए दुआ की। संचालन जिला मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सज्जाक खान ने किया। आभार छुईखदान मुतवल्ली शेख निजामुद्दीन ने किया। इस मौके पर कमलेश यादव, दीपक वैष्णव,

शेख निजामुद्दीन, शेख इब्राहिम, हाफिज इलियास, अहमद रिज़वी, हाफिज सरीफुल हक, हाजी यूसुफ सोलंकी, सैयद आबिद अली, जफर अली, इमरान खान, पप्पू, दादू खान, अमजद खान, पप्पू, अनवर खान, रियाज खान, शादाब खान, आयुष खान, अफरीदी खान, अनस खान, हाजी आजम, समीर खान, शेख फरीन, शेख नजारुद्दीन, माजिद खान, आशु भाई, टीपू सोलंकी,अफजल खान, विक्की सोलंकी, शिवान शेख, मोनू, इरफान, तस्दीक खान, इसहाक भाई, मोहम्मद अर्श, मोहम्मद आज़म, फैजान खान, रेहान बाबा, छोटू, फरहान खान, महफूज खान सहित अन्य उपस्थित थे।

### अवकाश के दिनों में भी होगी रजिस्ट्री

**राजनांदगांव।** मार्च माह में वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद जमीन खरीदी-बिक्री की दरों में बढ़ोत्तरी होने के चलते माह अंत तक अधिक पंजीयन होता है, जिसे दृष्टिगत रखते मार्च माह के अंतिम दिनों में पड़ने वाले अवकाश पर भी पंजीयक कार्यालय खुला रहेगा। पंजीयन कार्यालय राजस्व संग्रहण करने वाला एक प्रमुख विभाग है। ऐसे में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम माह पूर्ण होने में लगभग 11 दिवस ही शेष है। आंकड़ों के अनुसार मार्च माह में पक्षकारों द्वारा सर्वाधिक पंजीयन कराया जाता है। पंजीयन विभाग द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं राजस्व संग्रहण को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय अवकाश के दिनों में पंजीयन कार्यालय खोलने और पंजीयन कार्य संपादित कराए जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से युवक की मौत, सात घायल

**भिलाई।** सड़क हादसे में तेज रफ्तार कार चालक की लापरवाही के कारण चार बाइकों की टक्कर हो गई। घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो युवकों की हालत गंभीर है। बोरी पुलिस ने बताया कि कार सीजी 04 केएस 1712 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चालते हुए। चार बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। युवक का नाम जगमोहन यादव उर्फ जग्गू है। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए अस्पाल में पहुंचाया गया। उपचरा के बाद बुधवार को अस्पताल में जग्गू ने दम तोड़ दिया। घटना ग्राम सेवती बोरी थाना क्षेत्र का है। गांव के पास हर्री स्थित राइस मिल के सामने घटना हुई। सभी युवक अपने काम से घर लौट रहे थे, तभी अचानक तेज रफ्तार कार ने बाइको को टक्कर मार दी। घायलों में प्रहलाद यादव 19 वर्ष, संस्कार भारती 15 वर्ष, माही यादव 14 वर्ष, मोहित भारती 17 वर्ष, करण यादव 16 वर्ष, चेतन यादव 17 वर्ष, हिमांशु मरैया 16 वर्ष है। इनमें से भी दो युवकों की हालत गंभीर बनी हुई है।

### सूने मकान का ताला टूटा, आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर सामान पार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आशा नगर मोहन नगर निवासी अमरजीत सिंह ने शिकायत किया था कि अज्ञात ने उनके मकान का ताला तोड़कर हीरे, सोना-चांदी के जेवरात व नगदी रकम पार किया। पुलिस ने आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक किया। जिसमें संदेही की पहचान की गई। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दिया कि संदेही उत्तर प्रदेश निवासी रविन्द्र पाल गौतम उर्फ राहुल सागर को पकड़ा गया।

## निधन

### लीला बाई साहू



**गुरूर।** ग्राम धोबनपुरी निवासी लीला बाई साहू का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे संतोष साहू व चितरंजन साहू की मां थीं।

### चित्ररेखा गौतम



**बालोद।** चित्ररेखा ऊर्फ आभा गौतम 58 वर्ष का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 20 मार्च को सवेरे 10 बजे बालोद जिले के अंतर्गत गृह ग्राम कांदुल (अर्जुन्दा) में होगा। वे लोक निर्माण विभाग में सब इंजिनियर अरविन्द गौतम की पत्नी थी।

---

**आयोजन**

**महिलाओं ने दिखाई सशक्त नेतृत्व की ताकत**

# महिला सेन समाज चुनाव में ममता बनीं जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद





जिला सेन समाज बालोद द्वारा 17 मार्च को जिला स्तरीय महिला सम्मेलन एवं जिला महिला सेन समाज के चुनाव कार्यक्रम का आयोजन टाउन हॉल में संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन में जिलेभर से बड़ी संख्या में महिलाओं एवं समाजजनों की उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम पूरी तरह उत्साह, एकता और संगठन शक्ति का प्रतीक बन गया।

- महिला सम्मेलन में 500 से अधिक महिलाओं की रही उपस्थिति

सभी ब्लॉकों से कुल 16 महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें से 8 पदाधिकारी एवं 8 कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। नव-निर्वाचित पदाधिकारी जिला अध्यक्ष ममता सेन, सचिव प्रतिमा कौशिक, उपाध्यक्ष शांति श्रीवास, कोषाध्यक्ष इन्दु भारद्वाज, सहसचिव टेमिन सेन, संरक्षक संतोषी श्रीवास, भीमेश्वरी शांडिल्य, महामंत्री रितेश भारद्वाज, संगठन मंत्री सुषमा कौशिक, कार्यकारिणी सदस्य भुनेश्वरी शांडिल्य, कामिनी सेन, हेमलता कौशिक, उर्मिला सेन, हरिता कौशिक, मेनु सेन, डिलेश्वरी सेन, विद्याभारती सेन सहित अन्य का चयन किया गया। सम्मेलन में 500 से अधिक महिलाओं की ऐतिहासिक उपस्थिति दर्ज की गई। महिलाओं ने परिचय सत्र, विचार-विमर्श एवं संगठन विस्तार पर सक्रिय भागीदारी निभाई। जिला अध्यक्ष ममता सेन द्वारा 5000 की राशि समाज को देने की घोषणा की गई, जिसे महिला सेन समाज को समर्पित किया गया। मुख्य अतिथि मोना सेन एवं विशिष्ट अतिथि प्रतिभा चौधरी का समाज द्वारा आतिशबाजी, शाल-श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने घोषणा की कि बालोद नगर के एक चौक का नाम संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज के नाम पर रखा जाएगा। समाज द्वारा संतोष कौशिक को केश शिल्पी कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष बनाने की मांग रखी गई। इस संबंध में मुख्यमंत्री, सांसद, समाज कल्याण मंत्री, भाजपा संगठन एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर आवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विशेष योगदान देने वाले ब्लॉक अध्यक्ष सेतु राम सेन, ब्लॉक सचिव जनक कौशिक, मोहन कौशिक, टुमन कौशिक, इकाई अध्यक्ष तामेश्वर भारद्वाज, नंदु भारद्वाज, बल्ला भारद्वाज सहित अन्य कार्यकर्ताओं को जिला सेन समाज द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष उमेंद्र कौशिक एवं समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति रही।

### ये रहे उपस्थित

जिसमें मुख्य अतिथि अध्यक्ष छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम, राज्य मंत्री दर्जा मोना सेन उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष, सेन समाज बालोद संतोश कौशिक ने की। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बालोद प्रतिभा चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष, सेन समाज पुनीत सेन, जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ राजनांदगांव निशा सेन, जनपद सदस्य, गुण्डरदेही ममता सेन सहित अनेक जिला पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, इकाई अध्यक्ष एवं समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे। इस दौरान संघ के पदाधिकारियो ने कहा यह आयोजन न केवल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हुआ, बल्कि सेन समाज में संगठनात्मक एकता, नेतृत्व विकास और सामाजिक जागरूकता का भी उत्कृष्ट उदाहरण बना। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी यह संकेत देती है कि समाज में अब महिलाएं नेतृत्व की अग्रिम पंक्ति में अपनी सशक्त भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सम्मेलन प्रारंभ होने से पूर्व जिला महिला सेन समाज का चुनाव संपन्न कराया गया। निर्वाचन अधिकारी जगन कौशिक एवं लोकेश कौशिक द्वारा यह प्रक्रिया सर्वसम्मति मनोनयन के आधार पर संपन्न कराई गई।

---

# निःशुल्क रोजगार प्रशिक्षण, 24 मार्च को बालोद में होगा चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट केटरिंग टेक्नोलॉजी एण्ड एप्लाइड न्यूट्रीशन (आईएचएम) रायपुर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसके अंतर्गत आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक विद्यार्थी जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज बालोद में 24 मार्च को अपने समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते है।

- लाइवलीहुड कॉलेज बालोद में होगा चयन

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज के सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि आईएचएम रायपुर द्वारा बीएससी इन हॉसपिटेलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन, डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन एवं डिप्लोमा इन हाउस कीपिंग सर्विस कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नवीन बैच में प्रवेश प्रारंभ करने जा रही है, जिसमें इंस्टीट्यूट द्वारा उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शत प्रतिशत प्लेसमेंट कराया जाता है। उन्होंने बताया कि 03 वर्षीय बीएससी इन हॉसपिटेलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण जिसमें एक विषय अंग्रेजी निर्धारित की गई है। इसी तरह 01 वर्ष 06 माह के डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन एवं डिप्लोमा इन हाउस कीपिंग सर्विस कोर्स हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक विद्यार्थी शासकीय आईटीआई बालोद के समीप स्थित जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज बालोद में 24 मार्च 2026 को सुबह 11 बजे अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं जाति, निवासी प्रमाण की छायाप्रति तथा 02 पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित हो सकते है।

### दस्तावेज नहीं मिलने से 599 सिलेंडर किए जब्त

**दुर्ग।** मध्य पूर्व में जारी संघर्ष के कारण घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति एवं वितरण को निर्बाध रूप से बनाये रखने के लिए जिले में निरंतर छापेमारी की जा रही है। गुरुवार को खाद्य विभाग टीम ने रसमड़ा के बोरई इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर स्थित पापुशा गैसेस की जांच की।सेंटर में कान्फिडेंस पेट्रोलियम इंडिया लिमिटेड द्वारा 2 ब्रांडों गो गैस एवं गैस प्वाइंट के नाम से गैस सिलेंडरों की सप्लाई डीलर के माध्यम से की जाती है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली से भिन्न समानांतर विपणन प्रणाली के रूप में पापुशा गैसेस तथा कान्फिडेंस पेट्रोलियम इंडिया लिमिटेड कार्य किया जाना पाया गया। फर्म की जांच में कुल 599 गैस सिलेंडर पाए गए। गैस सिलेंडरों में रिफिलिंग के लिए 3 बुलेट भी पाए गए, जिसमें 2841 किग्रा एलपीजी भंडारित होना पाया गया। जांच के समय फर्म में विभिन्न सिलेंडरों में पेंटिंग का काम किया जा रहा था। सिलेंडरों के नेट वेट, टेयर वेट तथा सिलेंडरों की एक्सपायरी डेट अंकित की जा रही थी। कार्य से संबंधित कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। फर्म के द्वारा प्रस्तुत स्टाक पंजी तथा भौतिक सत्यापन में अंतर पाया गया।

---

# कर्मा जयंती समारोह धूमधाम से मनाया

**समाज के आदर्शों को अपनाने का दिया संदेश**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जामगांव आर





परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती समारोह ग्राम रिवागहन बटरेल में बड़े धूमधाम से मनाया गया। कर्मा माता की जयंती अवसर पर माताओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई, उपरान्त कर्मा माता की महा आरती हुई।

- मेधावी छात्रों और रक्तदाताओं का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में रजनी बघेल धर्मपत्नी सांसद विजय बघेल, अध्यक्ष तहसील साहू समाज पाटन लालेश्वर साहू, सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू, मंडल अध्यक्ष भाजपा जामगांव आर कमलेश साहू, कोषाध्यक्ष नारद साहू, महासचिव महेंद्र साहू, विमलासाहू, तहसील साहू संघ भुनेश्वरी साहू, अध्यक्ष परिक्षेत्र अरसनारा किशन हिरवानी, अध्यक्ष जामगांव पारखत साहू, सहित बेल्हारी परिक्षेत्र के समस्त ईकाई के अध्यक्ष उनके पदाधिकारी गण, बेल्हारी परिक्षेत्र के समस्त पदाधिकारी शामिल हुए। स्वागत भाषण परिक्षेत्र के अध्यक्ष टेसराम साहू ने देते हुए माता कर्मा माता के जीवनी पर प्रकाश डाले। जीवन में चरित्र अनमोल रत्न है मुख्य अतिथि रजनी विजय बघेल ने कहा माता कर्मा महान नारी थी, जिन्होंने समाज के चरित्र निर्माण पर बल दिया वास्तव में व्यक्ति का चरित्र अनमोल रत्न है माता कर्मा की यह सीख सभी के सार्थक जीवन को बलवती बनाती है निखारती है। आदर्शमय जीवन जीने की कला सिखाई। उन्होंने कहा कि भारत संत मनीषी ऋषि मुनियों की पवित्र भूमि है भारत में जन्म लेना भी गर्व का विषय है। आप हम सब बड़े सौभाग्य शाली है क्योंकि भारत माता के संतान है, जहां पवित्र संस्कार हमे जन्म के साथ ही मिलना प्रारंभ हो जाती है। विविध आयोजन हुए,प्रतिभा सम्मानित किए गए कल्पना नारद साहू ने माता कर्मा के आदर्शों को अपने जीवन में चरितार्थ करने हेतु माताओं से विशेष निवेदन किया, लालेश्वर साहू ने कर्मा माता के भक्ति में शक्ति की बात कही और भरर में तहसील साहू संघ के कर्मा जयंती एवम सामूहिक आदर्श विवाह की आमंत्रण दिए। जयंती के उपलक्ष पर मेधावी छात्रें में तरुण सागर साहू दसवीं से एवं वैशाली साहू बारहवीं से एवं रक्त दान शिविर में सामिल 25 युवाओं को भी पुरिस्कृत किया गया। रंगोली प्रतियोगिता कलश सजाओ प्रतियोगिता को भी समानित किया गया। दर्शको के मनोरंजन हेतु संजू साहू की सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग सागर अरमरी खुर्द की भी हुई। आभार प्रकट करते हुए उपाध्यक्ष ने साहू समाज रिवागहन के समस्त पदाधिकारी एवं युवाओं को विशेष धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन परिक्षेत्र साहू संघ बेल्हारी छगन साहू ने किया। उपरोक्त जानकारी परिक्षेत्र के तहसील प्रतिनिधि महेश साहू द्वारा दिया गया।

---

# मां कर्मा जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाई समाज में एकता और भाईचारे का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर



ग्राम सोहपुर मे ग्रामीण झरिया साहू समाज के तत्वाधान मे मां कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक भवन में किया गया। जिसमें समाज के पदाधिकारीयो एवं ग्रामीणों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे कलश शोभा यात्र के साथ हुई, जिसमें महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेते हुए पूरे गांव में भक्ति भाव के साथ शोभायात्रा निकाली। दोपहर 11 बजे मां कर्मा की विधिवत पूजा अर्चना एवं आरती की गई पश्चात अतिथियों का स्वागत कर उन्हें साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तोमन साहू थे। अध्यक्षता अध्यक्ष परिक्षेत्र सोरर पीलू राम साहू ने की। सरपंच ग्राम पंचायत सोहपुर सीमा हकीम चंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष भाजपा करहीभदर धर्मेंद्र साहू, संयोजक युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ गुरूर संजय साहू, कोषाध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज सोरर हेमलाल साहू अतिथि के रूप मे शामिल हुए। मुख्य अतिथि तोमन साहू ने कहा कि समाज मे एकता और भाईचारे का संदेश जरुरी है। तभी समाज आगे बढेगा।माता कर्मा हमेशा साहू समाज को ऊंचा उठाने के लिए कठीन परिश्रम किया है इसलिए समाज को संगठित समाज बनाने में सहयोग करे।साहू सदन मे टीना शेड को पूरा करने की घोषणा की। परिक्षेत्र अध्यक्ष पीलूराम साहू ने कहा कि सभी ग्रामीणों के सहयोग से परिक्षेत्र बनता है इसलिए समाज को ऊंठाने मे सभी ग्रामीण अध्यक्षों का सहयोग जरूरी है। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने कहा कि माता कर्मा समाज की अराध्य देवी है। उनके बताए हुए मार्ग का अनुसरण करना समाज की जिम्मेदारी है। आज समाज में युवा पीढ़ी नशे की ओर बढ़ रहे है। उसे माता पिता के संस्कार में कही कही कमजोरी की वजह से बच्चे विगड रहे है। गुरुर जनपद अध्यक्ष सुनिता साहू, तहसील संगठन सचिव लक्ष्मीचंद साहू, जनपद सदस्य लता साहू ने मा कर्मा के जीवन आदर्श को समाज के लिए प्रेरणादाई बताते हुए समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य, एकता और संस्कारों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में गोकुल राम साहू, सोरर सोसायटी अध्यक्ष जागेश्वर साहू, उपसरपंच लोकेंद्र हिरवानी, ग्रामीण अध्यक्ष गुलाब हिरवानी, दुष्यंत कुमार साहू, भरत साहू, योगेंद्र साहू, उपाध्यक्ष जगेश्वर साहू, सविता साहू, लीला साहू ग्रामीण साहू समाज सोहपुर के पदाधिकारी एवं ग्राम वासियों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

---

# अंडा में बाल विवाह प्रतिषेध कार्यक्रम आयोजित जागरूकता और शपथ के साथ हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा





महिला एवं बाल विकास विभाग के एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण के ग्राम पंचायत अंडा के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परियोजना स्तरीय बाल विवाह प्रतिषेध कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन तथा अध्यक्षता जनपद पंचायत सदस्य अजीत चंद्राकर के द्वारा किया गया,विशेष अतिथि ग्राम सरपंच दिग्विजय साहू, प्राचार्य सीमा जांबुलकर रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के साथ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से किया गया,तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया।

- कानूनी और स्वास्थ्य सुरक्षा की भी जानकारी दी

कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण परियोजना अधिकारी श्रीमती उषा झा द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अभियान के तहत बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ के बारे में संक्षिप्त चर्चा की गई। जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन ने विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम, कुपोषण मुक्त अभियान एवं बाल विवाह प्रतिषेध अभियान जैसे विभिन्न जन जागरुकता कार्यक्रम की सराहना की, उन्होंने परिवार के लोगों को अपने बच्चों को समय देने और आपस में बात साझा करने हेतु कहा ताकि बच्चे अपने परिवार व अपने समाज के प्रति कृतज्ञ हो। अजीत चंद्राकर जी ने विभागीय योजनाओं और कार्यकर्ता सहायिका के कार्यों की सराहना की। सरपंच जी के द्वारा वर्तमान समय में मोबाइल के दुष्प्रभाव के बारे मे बताया साथ ही अभिभावकों को बच्चो से जुड़ने उनसे बच्चो की दिनचर्या साझा करने कहा ताकि वे गलत दिशा में न भटक पाए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर साक्षी ठाकुर द्वारा एच पी वी वैक्सीन के बारे में जानकारी दी जो कैंसर के बचाव के लिए 14 वर्ष से 15 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को निशुल्क जिला स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से लगाया जा रहा है। उच्चतर माध्यमिक शाला की प्राचार्य सीमा जांबुलकर ने बच्चों को स्कूल की अन्य गतिविधियों के साथ साथ पढ़ाई में विशेष ध्यान देने की सलाह दी जिससे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो सके। पुलिस विभाग की रक्षा टीम से उप निरीक्षक संगीता मिश्रा द्वारा साइबर अपराध से बचने, डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ भी नहीं होता उसके प्रति सजग रहने के बारे में जानकारी दी गई। अधिवक्ता विभा मिश्रा ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के बारे मे जानकारी दी बेटियों के साथ साथ बेटों को भी संस्कार देने की बात कही। पास्को ऐक्ट के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे जो लैंगिक अपराधों से पीड़ित हैं, उस संबंध में कानूनी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन पर्यवेक्षक सोनल सोनी और चंद्रकला वर्मा के द्वारा किया गया। अंडा पंचायत के कार्यकर्ता तारिणी,शकुन, दीपिका, द्रोपती, उषा, सहायिका जुलेखा बेगम, कुसमा, गिरिजा, रीना, धर्मिन को उनके अच्छे कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।छोटे छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। उपस्थित अतिथियों एवं ग्रामीण जन को बालविवाह प्रतिषेध का शपथ दिलाया गया। सभी अतिथियों एवं अतिथि वक्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन परियोजना अधिकारी ऊषा झा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

---

# श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा





ग्राम खप्परवाड़ा में आयोजित संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं और माखन चोरी का पावन प्रसंग बड़े ही मनमोहक ढंग से प्रस्तुत किया गया। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्ति रस में डूब गया। कथावाचक पं. भूपेंद्र पांडे जी ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि नंदलाल की नटखट लीलाएं भक्तों के हृदय को आनंद और प्रेम से भर देती हैं। उन्होंने माखन चोरी की लीला का महत्व बताते हुए कहा कि यह केवल बाल सुलभ चंचलता नहीं, बल्कि भगवान का अपने भक्तों के प्रति प्रेम और स्नेह का प्रतीक है। कथा के दौरान जब माखन चोरी का प्रसंग सुनाया गया, तो श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और भजन-कीर्तन के साथ वातावरण भक्तिमय हो गया। पूरे कथा स्थल में जय श्रीकृष्ण के जयकारे गूंजते रहे। यह धार्मिक आयोजन स्व. वीरेंद्र सिंह चंद्राकर जी की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है। डोमन सिंह चन्द्राकर शामबती, फकीर सिंह चन्द्राकर बिसाहिन बाई, हीरा बाई, अमन सिंह चन्द्राकर - मीनाक्षी,स्व. शिवप्रसाद देवकी बाई चन्द्राकर, चन्द्रशेखर चन्द्राकर, स्वागताकांक्षी रितु - लोकेश चन्द्राकर, वन्दना - मनीष देशमुख, प्रीति जयन्द्र चन्द्राकर दर्शनाभिलाषी गुलाब सिंह, खेमन सिंह, ईश्वर सिंह, नारायण सिंह, इन्द्रपाल सिंह, खिलावन सिंह, ऋषि, पुरुषोत्तम, राजकुमार, धीरज, एवं समस्त सौनक परिवार, प्रतिक्षारतश्री डॉ. घनश्याम, अशोक, रमाकांत, राजकिशोर, कुलेश्वर, अनुप,उत्सुक नयन,जेमिनी, वैभव, जीत, अभिनव, अरुणिमा,आयोजन में उनके पुत्र संदीप - भारती चन्द्राकर, सौरभ ,माधवी चन्द्राकर,आदित्य, अनिरुद्ध सहित परिवारजनों और ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता रही। कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।



## खबर संक्षेप



### जवाहर नवोदय विद्यालय में निकिता चयनित

**बालोद।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय मुक्ताश्रम हथौद करहीभदर की कक्षा पंचम में अध्ययनरत बहन निकिता ठाकुर पिता संत राम ठाकुर ग्राम बी जामगांव का चयन कक्षा षष्ठम में अध्ययन हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली मालीघोरी के लिए हुआ है। बहन निकिता ठाकुर शुरू से ही प्रतिभावान छात्र रही है। गत वर्ष मेधावी छात्र परीक्षा में प्रांत स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त की थी। इनके चयन होने पर विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार साहू एवं अध्यक्ष जिला ग्राम भारती बालोद एवं अध्यक्ष महर्षि मुक्त शिक्षण समिति जागेश्वर सिंह साहू, व्यवस्थापक ओमप्रकाश गजेंद्र, डॉ.केपी. साहू, राज कुमार गांधी, गैंदलाल खुरश्याम, तोषण साहू, लीलाराम साहू सहित समिति के समस्त सदस्यगण तथा विद्यालय के समस्त आचार्य, दीदी व कक्षाचार्य ठाकुर राम साहू ने हर्श व्यक्त किया।

### हनुमान जन्मोत्सव पर तीन दिन होगा धार्मिक महोत्सव

**अंडा।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर ग्राम भोथली में 4, 5 और 6 अप्रैल को तीन दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन क्षेत्रीय ग्रामवासियों द्वारा जिला दुर्ग, बालोद एवं राजनंदगांव के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। आयोजन के प्रथम दिवस 4 अप्रैल को दोपहर 3:00 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक सुरेश कुमार साहू ने बताया कि वर्षों बाद इस प्रकार का भव्य हनुमान जन्मोत्सव आयोजन क्षेत्र में हो रहा है, जिसमें लगभग 25 से 30 गांवों के राम भक्त शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं और विभिन्न क्षेत्रों से निरंतर सहयोग मिल रहा है। इस आयोजन में श्री राम कथा का वाचन सुप्रसिद्ध कथावाचक श्री राज हंस भरतद्वाज (राजहंस परिवार, अंबागढ़ चौकी, राजनंदगांव) द्वारा किया जाएगा।



### अंगारी आंगनबाड़ी में नववर्ष पर न्योता भोज



**बालोद।** चैत्र नवरात्रि एवं हिंदू नववर्ष के उपलक्ष में ग्राम अंगारी के आंगनबाडी केंद्र क्रमांक 1 में सभी बच्चों को कुपोषण दूर करने के अभियान में नेवता भोज करवाया गया एवं किशन लाल साहू द्वारा 16 बच्चो को स्लेट पट्टी का वितरण किया गया। इस अवसर पर पंच जागेश्वर पटेल, चतुर नेताम, गंगाधर साहू, मनोज साहू, आंगनबाडी के कार्यकर्ता, सोहद्रा दादसेना, हेमंत सिन्हा उपस्थित थे।

## नवरात्रि : पारंपरिक भक्ति गीतों से मंदिर प्रांगण में भक्तिमय माहौल

# मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित, क्षेत्रवासियों ने मांगी सुख-समृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

- जिपं सदस्य गुलशन सहित समिति और ग्रामीण रहे उपस्थित


न्याय सिद्ध जय अर्चना मोहंदी पाठ एवं समस्त ग्रामवासी मोहंदी पाठ द्वारा अंचल के बाबा मोहंदीपाठ मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व पर मनोकामना ज्योति कलश पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित पहुंचे अतिथि जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर सहित जय अर्चना मोहंदी पाठ नरसिंह देवांगन सहित ट्रस्ट के सदस्यों व ग्रामीणों ने मिलकर गांव सहित अंचल में बाबा मोहंदी पाठ से सुख, समृद्धि की कामना कर दीप प्रज्वलित किया।



गौर हो कि शीतलता के प्रतीक पुराने नीम छांव में विराजित बाबा मोहंदी पाठ की महिमा क्षेत्र में मंडित है, बाबा के दर्शन पूजा करने से बाबा मोहंदी पाठ सबकी मनोकामना पूर्ण करते है, गौर हो कि श्रद्धालूओ की भीड़ सदैव बनी रहती हैं, वही नवरात्रि पर्व पर पारंपरिक जस सेवा गीत की गुंज रहती हैं।

वही जय न्याय सिद्ध अर्चना मोहंदी पाठ समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रेमाचंद देवांगन ने बताया कि बीते 36 वर्षों से लगातार ज्योति कलश नवरात्र में प्रज्वलित होती है, वही गौर हो कि विसर्जन में यहां पुरुष वर्ग विसर्जन करते हैं, वही मंदिर के पुरोहित राजेंद्र चौबे ने कहा कि भक्तगण दर्शन करने आते हैं।


इस अवसर पर पूर्व सरपंच मुकेश साहू, उप सरपंच टिकेंद्र देवांगन, सरपंच दीपा ठाकुर, लोमन सिंह देशमुख, संदीप चंद्राकर, भाव सिंह देवांगन मंदिर बैगा आनंद ठाकुर, नरोत्तम साहू, खेमचंद्र देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।




### 326 ज्योति कलश स्थापित

गुरूर। कंकालिन मंदिर कनेरी में चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आस्था के 296 तेल ज्योत एवं 30 घी की जोत जलाए गए हैं। मंदिर समिति संरक्षक रामेश्वर यादव, अध्यक्ष जनार्दन सिंन्हा, उपाध्यक्ष मोहन सिंन्हा, सचिव हरिश्चंद्र साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, द्वारिका यादव ने बताया कि कंकालिन मंदिर में पंचमी 23 मार्च सोमवार को एवं महा अष्टमी हवन पूर्णाहुति 26 मार्च दिन गुरुवार को संध्या 4 बजे किया जाएगा एवं ज्योति कलश शोभा यात्र 27 मार्च दिन बुधवार को संध्या 4 बजे किया जाएगा।

### कंवर में चैत्र नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ



**गुरूर।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मां चण्डी मंदिर समिति ग्राम कंवर द्वारा चैत्र नवरात्रि महोत्सव के तहत 19 मार्च से 26 मार्च तक मां चण्डी मंदिर प्रांगण में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 19 मार्च को ज्योति कलश स्थापना की गई। 23 मार्च को पंचमी पर्व मनाया जाएगा। 26 मार्च को अष्टमी हवन होगा। जिसमे 22 मार्च से 26 मार्च तक पांचदिवसीय संगीतमय प्रवचन का आयोजन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। जिसमे प्रवचनकर्ता पंडित रूपेश शास्त्री होंगे। वही प्रति रात्रि 8 बजे से कार्यक्रम के तहत 20 मार्च को श्री रामधुनी संकीर्तन समिति भजन मंडली का आयोजन होगा। 21 मार्च को जय मां दुर्गा छत्तीसगढ़ी पंडवानी पार्टी भेलवाकुदा का आयोजन होगा। 22 मार्च को नव ज्योति मोहन माला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का आयोजन होगा। 23 मार्च को अमर ज्योति छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी कुल्हारदो का आयोजन होगा। 24 मार्च को भूले बिसरे छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मांगरापाली का आयोजन होगा। 25 मार्च को फूल मांगरा छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी सूरजपूरा का आयोजन होगा। 26 मार्च को भुईया के श्रृंगार छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी होच्चेटोला का आयोजन होगा। जिसमे समिति के अध्यक्ष बीआर साहू, उपाध्यक्ष गजेन्द्र कुमार साहू, कृष्ण कुमार साहू, नेमसिंह कौशिक, सीता बाई साहू, कोशाध्यक्ष सीएल मोरार, सचिव योगेन्द्र कुमार पटेल, सहसचिव ई"वर लाल साहू, अंकेक्षक एचके रात्रे है।



## नवरात्रि पर झलमला में रूट डायवर्सन भारी वाहनों के लिए बदला मार्ग

**बालोद।** आगामी चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान शांतिपूर्ण तरीके से नवरात्रि पर्व के आयोजन हेतु मार्ग परिवर्तित किया गया। गंगा मैय्या झलमला मंदिर झलमला से गुजरने वाले बड़ी माल वाहक वाहन चालकों से परिवर्तित मार्ग का उपयोग करने अपील की गई।

गंगा मैय्या मंदिर झलमला में चैत्र नवरात्रि पर्व 19 मार्च से 27 मार्च तक ज्योति कलश स्थापना, विभिन्न कार्यक्रमों एवं मेला का आयोजन होने से बड़ी संख्या में श्रद्वालुओं, आम नगारिकों एवं दर्शनार्थियों की भीड़–भाड़ होने की संभावना को देखते हुए अगामी चैत्र नवरात्रि पर्व के मद्देनजर गंगा मैय्या मंदिर झलमला बालोद में सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था के संचालन हेतु रूट डायवर्सन चार्ट बनाया गया है।

रूट डायर्वन के तहत धमतरी तरफ से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन धमतरी–गुरूर–झलमला तिराहा–पड़कीभाठ बायपॉस–पाररास होते हुए बटेरा चौक लोहारा से गतव्य स्थान के लिए आगे बढेंगे। दुर्ग से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन दुर्ग–गुण्डरदेही–पड़कीभाठ–बायपास होते हुए बटेरा चौक लोहारा से गतव्य स्थान के लिए आगे बढेंगे। राजहरा की ओर से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन राजहरा–कुसुमकसा–बटेरा चौक लोहारा–पाररास बायपॉस–पड़कीभाठ होते हुए गतव्य स्थान के लिए आगे बढेंगे। इसी प्रकार राजनांदगांव की ओर से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन राजनांदगांव–लोहारा–बटेराचौक–पाररास बायपॉस–पड़कीभाठ होते हुए गतव्य स्थान के लिए आगे बढ़ेंगे। उपरोक्त रूट डायवर्सन चार्ट सभी बड़ी मालवाहक वाहनों के लिए 19 मार्च से 27 मार्च तक लागू रहेगा।

गंगा मैय्या परिसर झलमला बालोद में आने वाले वाहन चालको एवं श्रद्वालुओं के लिए 04 स्थानों में पार्किंग स्थान बनाया गया है। धमतरी गुरूर की ओर से आने वाले दर्शनार्थियों पुलिस कॉलोनी परिसर झलमला में पार्किंग करेंगें। दुर्ग गुण्डरदेही की ओर से आने वाले दर्शनार्थियों झलमला बाजार चौक में पार्किंग करेंगे एवं राजहरा राजनांदगांव की ओर से आने वाले वाहन ''सिवनी मैदान पार्किंग एवं बालोद बाजार हीरापुर जाने मोड़ के सामने पार्किंग करेंगे।

यातायात पुलिस बालोद ने अपील करते हुए कहा कि दर्शनार्थियों एवं आम जनता निर्धारित स्थानों में ही वाहनों की पार्किंग करें, निर्धारित पार्किंग स्थानों में ही वाहन पर्किंग कर सवारी उतारें, बड़ी मालवाहक वाहन चालक, परिचालक एवं मालिक परिवर्तित मार्ग का उपयोग करें, यातायात व्यवस्था बनाने एवं शांतिपूर्ण तरीके से चैत्र नवरात्रि पर्व के आयोजन हेतु जिला एवं पुलिस प्रशासन बालोद का सहयोग करें।

### सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर बड़गांव में हुई मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना





**डौंडीलोहारा।** हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि के त्योहार का विशेष महत्व होता है। सनातन हिन्दू नववर्ष का प्रारंभ चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस होता है। चैत्र नवरात्रि पर मां दुर्गा का आगमन पृथ्वी पर होता है और इनके 9 अलग-अलग स्वरूपों की पूजा विधि-विधान के साथ की जाती है। इसी परिप्रेक्ष्य में सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर बड़गांव प्रांगण जहां समस्त देवी देवताओं के मंदिर स्थापित है, मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना 19 मार्च को शुभ मुहूर्त में की गई। इस चैत्र नवरात्रि में यहां 138 तैल व 39 घृत, कुल 177 ज्योति कलश की स्थापना की गई है। ज्ञात हो कि इस चैत्र नवरात्रि में मन्दिर प्रांगण में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध धार्मिक एवं भक्तिमय कार्यक्रमों आयोजन हो रहा है। हनुमान मंदिर विकास समिति ने सभी भक्तजनों से अधिक से अधिक संख्या में इन आयोजनों में शामिल होने की अपील की है।



## सेजस विद्यालय के छात्र पचमढ़ी एडवेंचर शिविर के लिए चयनित

**डौंडीलोहारा।** सेजस विद्यालय दुधली के विद्यार्थियों का चयन पचमढ़ी में आयोजित पर्वतारोहण, व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर हेतु किया गया है। इस शिविर में विद्यालय के छात्र-छात्राएं गुरुनारायण, प्रिंस, जागृति एवं काजल दिनांक 20 मार्च से 25 मार्च तक भागीदारी करेंगे। विद्यालय की प्राचार्य दुर्गेश नंदिनी यादव ने चयनित स्काउट-गाइड विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे एडवेंचर शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्काउट मास्टर मिलन सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के दौरान विद्यार्थी बैलेंसिंग, बैंबू ब्रिज, तीरंदाजी, ट्रेकिंग एवं पर्वतारोहण जैसी विभिन्न साहसिक गतिविधियों में भाग लेंगे, जिससे उनमें नेतृत्व क्षमता, साहस एवं आपदा प्रबंधन कौशल का विकास होगा। इस अवसर पर स्काउट मास्टर मिलन सिंहा, गाइड कैप्टन वर्षा रानी देवांगन, रोवर लीडर रामनारायण राणा एवं रेंजर लीडर रेखा ठाकुर ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

साथ ही समस्त विद्यालय स्टाफ, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष देव देवांगन एवं सदस्यों ने भी विद्यार्थियों को पचमढ़ी में आयोजित एडवेंचर शिविर में भाग लेने पर बधाई देते हुए उनके सफल एवं सुरक्षित शिविर की कामना की।

## सशिमं में हर्षोल्लास के साथ मनाया हिंदू नववर्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- पूजन–अर्चन के साथ नव वर्ष का हुआ शुभारंभ

सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिवार खर्रा में हिंदू नव वर्ष हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य फल देव साहू, वरिष्ठ आचार्य सूचित कलिहारी एवं आचार्य परिवार द्वारा भगवान श्री रामचंद्र जी, भारत माता, सरस्वती माता एवं प्रणाम अक्षर ओम का विधिवत पूजन किया गया। तत्पश्चात भैया बहनों ने भगवा ध्वज भजन लेकर गीत, भजन एवं देश भक्ति गीत का गायन करते हुए गांव के गलियों में भ्रमण कर देवी दर्शन किया तथा मंदिरों व देवालयों में ध्वज लगाया। वरिष्ठ आचार्य सुखित कलिहारी ने हिंदू नव वर्ष पर जानकारी देते हुए कहा कि उज्जैन के महाराजा सम्राट विक्रमादित्य ने शंको को पराजित कर विजय प्राप्त किया तब से विक्रम संवत प्रारंभ हुआ। इसी की याद में हिंदू नव वर्ष मनाया जाता है। हर सनातनियों को अपने घरों से भगवा ध्वज लगाकर पांच दीपक प्रज्वलित कर नव वर्ष का स्वागत करना चाहिए। कार्यक्रम में आचार्य परिवार कामता साहू, दीदी रंजना सिन्हा, रेणुका सिन्हा, लिलेश्वरी साहू, छबि लता पटेल, ईश्वरी ठाकुर, दिव्यानी सेन एवं बाल भारती के पदाधिकारियो का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### नवरात्रि के पहले दिन मनाया नववर्ष



**जामगांव आर।** हिंदू नव वर्ष चैत्र नवरात्र का प्रथम दिवस पूरी भक्ति भाव के साथ प्रारंभ होता है। हिंदू नव वर्ष का स्वागत दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में किया गया। कक्षा सप्तम के आयुष, कक्षा षष्ठ के दीपांशु, कक्षा प्रथम से मेघा, शेजल तथा कक्षा द्वितीय वंशिका ने पांच दीपक प्रज्ज्वलन किया। श्रीफल कलश युक्त आकर्षक रंगोली उकेरे। बच्चों ने जाने हिंदू नव वर्ष का महत्व। हिंदू नव वर्ष धर्म संस्कृति का बोध कराती है प्राचार्य पूरन लाल बारले ने हिन्दू नववर्ष एवं चौत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि व्यक्ति भारत की संस्कृति को आत्मसात कर ले संस्कार को अपना ले तो जीवन सुंदर और सरल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अद्भुत है भारत की संस्कृति जो पूरा विश्व को अपना कुटुंब परिवार मानती है और दूसरे के दुखो में दुखी और खुशी में खुस हो जाया करती है। सरस्वती शिशु मंदिर वसुदेव कुटुंबकम की भावना विधार्थियो में विकसित कर उनका और देश का भविष्य संवारना चाहती है। हिंदू नव वर्ष सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है उपप्राचार्य लिकेश्वर साहू ने कहा कि हिंदू नव वर्ष भक्ति भाव के साथ आगाज करती है जब मन भक्ति में रमने लगता है तब स्वमेव मन में पवित्रता का समावेश हो जाता है जो सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। इस अवसर पर परमानंद टंडन, दिव्या चंद्राकर, कविता साव, डामिन साहू, शशि यादव उपस्थित थे।




### साहू समाज ने मनाई माता कर्मा जयंती

**बालोद/कलंगपुर।** ग्रामीण साहू समाज ग्राम रजोली के तत्वावधान में 22 मार्च को माता कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रातः 9 बजे से कलश यात्र 11 बजे भक्त माता कर्मा की पूजा–अर्चना एवं 1 बजे से अतिथि सम्मान, प्रतिभा सम्मान, सामाजिक सम्मान होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर के सानिध्य में होगा। रात्रि 8 बजे स्थानीय बच्चों के द्वारा कार्यक्रम एवं रात्रि 9:30 में सांस्कृतिक कार्यक्रम सरगम लोक कला मंच हंचलपुर की प्रस्तुति होगी। उपरोक्त जानकारी ग्रामीण साहू समाज रजोली के अध्यक्ष पुन्नालाल साहू एवं सचिव एमन सिंह साहू के द्वारा दी गई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मरसा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### भक्त कर्मा माता जयंती एवं भवन लोकार्पण समारोह में शामिल हुए ताम्रध्वज साहू

# माता कर्मा केवल एक समाज की नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा: पूर्व मंत्री ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम रसमड़ा मे परिक्षेत्रिय स्तरीय भक्त माता कर्मा जी की जयंती एवं भवन लोकार्पण कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू समाज द्वारा आयोजित संत शिरोमणि भक्त कर्मा माता जयंती समारोह में शामिल होकर मां कर्मा की पूजा-अर्चना कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना किया। अवसर पर मुख्य अतिथि एवं प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि सभी समाज मिलकर काम करें तो समाज को आगे बढ़ने से कोई नही रोक सकता। आज भवन का लोकार्पण हुआ है। इसमें बैठकर अच्छे विचारों को रखे उन्होंने कहा कि समाज को एक दूसरे समाज से सीखने की प्रवृत्ति होनी चाहिए। जहां भी सीखने का अवसर मिले तो समाज को अपनाना चाहिए। आगे कहा कि भक्त माता कर्मा के बताए रास्ते पर अनुसरण करने से समाज का विकास सुनिश्चित है। समाज के रूढ़िवादी, आडम्बर और परम्परा को भी जड़ से समूल नष्ट करने की आवश्यकता है। हमें संगठित होकर कार्य करना है। समाज की एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। साहू समाज को कैसे मजबूत करना है इस पर हमेशा विचार करना चाहिए। समाज में नया योजना बनाकर आज शिक्षा और नौकरी के साथ लोगो को एक अच्छा इंसान बनने की जरूरत भी है।



इस अवसर अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड जीतेन्द्र साहू,अध्यक्ष तहसील दुर्ग ग्रामीण पूसऊ राम साहू,पूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रिय रोहित साहू,उमाशंकर साहू,सरपंच ग्राम रसमड़ा, जनपद सदस्य,युवा प्रकोष्ठ मुकेश साहू,भागवत साहू, चेतन साहू, नारायण साहू,ममता साहू पर ग्रामीण अध्यक्ष गण, सहित समाजिक भाई बहन बड़ी संख्या में मौजूद थे।

